वार्षिक रिपोर्ट

ANNUAL REPORT

2006-07

राष्ट्रीय सांख्यिकीय आयोग
भारत सरकार
नई दिल्ली

NATIONAL STATISTICAL COMMISSION
GOVERNMENT OF INDIA
NEW DELHI

सत्यमेव जयते

वार्षिक रिपोर्ट

Annual Report

2006-07

राष्ट्रीय सांख्यिकीय आयोग
भारत सरकार
नई दिल्ली

National Statistical Commission
Government of India
New Delhi

विषय-वस्तु

खंड	शीर्षक	पृष्ठ
I	सांख्यिकीय आयोग की पृष्ठभूमि एवं संरचना	1
II	आयोग की संरचना	2
III	आयोग के विचारार्थ विषय	6
IV	आयोग की बैठकों एवं परामर्शों के विवरण	8
V	वर्ष 2006-07 के लिए बजट	17
VI	अनुबंध	
	I. राष्ट्रीय सांख्यिकीय आयोग के गठन संबंधी भारत सरकार का संकल्प	
	II. राष्ट्रीय सांख्यिकीय आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों तथा भारत के मुख्य सांख्यिकीविद् के लिए सेवा शर्त	
	III. राष्ट्रीय सांख्यिकीय आयोग के गठन संबंधी अधिसूचना	

Contents

Section	Title	page
I	**Background and Constitution of the Statistical Commission**	1
II	**Composition of the Commission**	1
III	**Terms of reference of the Commission**	6
IV	**Details of Commission's meetings and consultations**	9
V	**Budget for the year 2006-07**	18
VI	**Annexure**	
	I. Government of India resolution setting up the National Statistical Commission	
	II. Service Condition for Chairperson and Members of the National Statistical Commission and Chief Statistician of India	
	III. Notification constituting the National Statistical Commission	

प्रयुक्त शब्द संक्षेप

एसीएनएएस	राष्ट्रीय लेखा संबंधी सलाहकार समिति
सीएसओ(के.सां.का.)	केन्द्रीय सांख्यिकीय कार्यालय
सीएसआई	भारत के मुख्य सांख्यिकीविद्
आईटी	सूचना प्रौद्योगिकी
आईएसआई(भा.सा.सं.)	भारतीय सांख्यिकीय संस्थान
एमओएस एंड पीआई	सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
एनएसएसओ (रा.प्र.सर्वे.सं.)	राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन
एनएससी	राष्ट्रीय सांख्यिकीय आयोग
एनएसओ	राष्ट्रीय सांख्यिकीय संगठन
एनएएस	राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी
एनएडी(रा.ले.प्र.)	राष्ट्रीय लेखा प्रभाग
एससीआईएस	औद्योगिक सांख्यिकी संबंधी स्थायी समिति

प्रस्तावना

राष्ट्रीय सांख्यिकीय आयोग, अध्यक्ष तथा सदस्यों के कार्यभार ग्रहण करने के साथ, 12 जुलाई, 2006 को अस्तित्व में आया । आयोग की यह प्रथम वार्षिक रिपोर्ट **1 जून, 2005** के सरकारी संकल्प **सं.ए-11011/1/2005-प्रशा.I** के पैराग्राफ 12 के अनुपालन में तैयार की गई है जिसमें यह उल्लेख किया गया है कि "आयोग प्रत्येक वित्तीय वर्ष हेतु वित्त वर्ष के दौरान किए गए अपने कार्यकलापों का पूर्ण ब्यौरा देते हुए अपनी वार्षिक रिपोर्ट तैयार करेगा और इसे केन्द्र सरकार को भेजेगा" ।

आयोग अपनी स्थापना से ही उसे भेजे गए मामलों तथा उसके अधिदेश के अंतर्गत शामिल किए गए विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श करने हेतु नियमित रूप से बैठकें आयोजित कर रहा है । आयोग की बैठकों के अतिरिक्त, राष्ट्रीय सांख्यिकीय प्रणाली से संबंधित मुद्दों पर विभिन्न विभागों तथा संगठनों के साथ परामर्श तथा गहन बैठकें भी आयोजित की गईं ।

डॉ. रमेश चंद्र पांडा, सचिव, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने 20 फरवरी, 2007 तक आयोग के पदेन सदस्य सचिव के रूप में कार्य किया जिसके पश्चात डॉ. प्रणव सेन ने भारत के मुख्य सांख्यिकीविद् तथा आयोग के सचिव के रूप में कार्यभार संभाला ।

I. सांख्यिकीय आयोग की पृष्ठभूमि तथा गठन

1. सांख्यिकीय आयोग का गठन

देश की सरकारी सांख्यिकीय प्रणाली की समीक्षा करने हेतु भारत सरकार ने जनवरी, 2000 में आंध्र प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल डॉ.सी.रंगराजन की अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय सांख्यिकीय आयोग स्थापित किया था । आयोग ने अपनी सिफारिशें अगस्त 2001 में प्रस्तुत कीं और अन्य बातों के साथ-साथ सांख्यिकी संबंधी एक सांविधिक राष्ट्रीय आयोग की स्थापना किए जाने की सिफारिश की ताकि यह देश के सभी कोर सांख्यिकी कार्यकलापों हेतु नोडल तथा शक्तिप्रदत्त निकाय के रूप में सेवा प्रदान कर सके, सांख्यिकीय प्राथमिकताएं तथा मानक तैयार कर सके, उन पर निगरानी रख सके तथा उन्हें लागू कर सके । रंगराजन आयोग ने यह भी सिफारिश की है कि आयोग की स्थापना प्रारंभिक रूप से एक सरकारी आदेश के माध्यम से की जाए जिसमें जब आयोग अपने क्रियाकलाप आरंभ करता है उस समय की जमीनी हकीकतों और उससे उत्पन्न होने वाली आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उसे कानून बनाने के थोड़े से अधिकार प्रदान किए जाएं । उपर्युक्त सिफारिशों के अनुसार, राष्ट्रीय सांख्यिकीय आयोग का गठन **1 जून, 2005** को सरकारी संकल्प **सं. ए-11011/1/2005-प्रशासन-I** के अंतर्गत किया गया है । संकल्प की प्रति **अनुबंध-I** पर है ।

II. आयोग की संरचना

2.1 आयोग में एक अंशकालिक अध्यक्ष तथा चार अंशकालिक सदस्य शामिल हैं । सचिव, योजना आयोग, आयोग के पदेन सदस्य हैं तथा भारत के मुख्य सांख्यिकीविद् आयोग के सचिव हैं । वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड में भारतीय सांख्यिकीय सेवा के अधिकारी राष्ट्रीय सांख्यिकीय आयोग सचिवालय की सहायतार्थ हैं ।

आयोग की स्थापना तथा अध्यक्ष एवं सदस्यों की सेवा शर्तों संबंधी सरकारी आदेश अनुबंध-II में दिया गया है ।

2.2 आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों तथा भारत के मुख्य सांख्यिकीविद् का चयन :

राष्ट्रीय सांख्यिकीय आयोग के अध्यक्ष, सदस्यों तथा सचिव(भारत के मुख्य सांख्यिकीविद्) का चयन एक खोज समिति की सिफारिशों के आधार पर किया गया था जिसमें निम्नलिखित व्यक्ति शामिल थे:

(i) डॉ. मोंटेक सिंह अहलुवालिया, उपाध्यक्ष, योजना आयोग - अध्यक्ष;
(ii) डॉ. राकेश मोहन, डिप्टी गवर्नर, भारतीय रिजर्व बैंक - सदस्य;
(iii) डॉ.शंकर कुमार पाल, निदेशक, भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, कोलकाता - सदस्य; और
(iv) डॉ.के.एल.कृष्णा, पूर्व प्रोफेसर, दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, नई दिल्ली - सदस्य ।

खोज समिति ने अपनी सिफारिशों को अंतिम रूप दिया और तदनुसार भारत सरकार ने दिनांक 3 जुलाई, 2006 के आदेश सं. आर-16025/3/2005-एनएससी द्वारा निम्नलिखित व्यक्तियों को अध्यक्ष एवं सदस्यों के रूप में नियुक्त किया - **अनुबंध-III**

(i) प्रो.सुरेश डी तेंदुलकर, **अध्यक्ष**
(ii) डॉ. सुरजीत एस.भल्ला, **सदस्य**
(iii) डॉ. अमिताभ कुंडू, **सदस्य**
(iv) डॉ. पदम सिंह, **सदस्य**
(v) प्रो. बिकास सिन्हा, **सदस्य**

आयोग ने 12 जुलाई, 2006 को औपचारिक रूप से कार्यभार संभाला । 21 फरवरी, 2007 को डॉ. प्रणव सेन को भारत के मुख्य सांख्यिकीविद् तथा आयोग के सचिव के रूप में नियुक्त किया गया ।

12 जुलाई, 2006 को प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद् के अध्यक्ष, डॉ. सी.रंगराजन की उपस्थिति में आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य कार्यभार ग्रहण करते हुए ।

31 जुलाई, 2006 को राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के साथ आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य प्रधानमंत्री से भेंट करते हुए ।

आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों के बारे में

प्रो. सुरेश तेन्दुलकर का जन्म फरवरी, 1939 में हुआ, उन्होंने दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से अर्थशास्त्र-सांख्यिकी में स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण की तथा राकफेलर फाउन्डेशन स्कॉलर के रूप में हारवर्ड विश्वविद्यालय से पी.एच.डी. की उपाधि प्राप्त की । दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में कार्य ग्रहण करने से पूर्व, जहां से वह 2004 में सेवानिवृत्त हुए थे, प्रो. तेन्दुलकर ने वर्ष 1978 तक भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, दिल्ली में अध्यापन का कार्य किया तथा अनुसंधान कार्यों में लिप्त रहे । वह प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद् के (अंशकालिक) सदस्य भी हैं । प्रो.तेंदुलकर ने भारतीय अर्थव्यवस्था से संबंधित अनुप्रयुक्त विकासात्मक मुद्दों पर व्यापक रूप से लेखन कार्य किया है और वे विभिन्न पदों पर रहते हुए भारतीय सांख्यिकीय प्रणाली से तीन-दशक से ज्यादा जुड़े रहे हैं । उन्होंने पांचवे वेतन आयोग सहित कई सरकारी समितियों तथा तकनीकी समूहों को भी अपनी सेवाएं प्रदान की हैं ।

डॉ. सुरजीत एस.भल्ला ने वर्ष 1976 में प्रिंसटन विश्वविद्यालय से अपनी पीएचडी की उपाधि प्राप्त की । वह वर्तमान में ऑक्सस इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. के प्रमुख हैं । रैंड कार्पोरेशन एंड ब्रूकिंग्स इंस्टीट्यूशन से थोड़े समय तक जुड़े रहने के पश्चात् उन्होंने विश्व बैंक में कार्यभार ग्रहण किया । वह नई दिल्ली में नीतिसमूह (पॉलिसी ग्रुप) के कार्यकारी निदेशक थे । बाद में उन्होंने गोल्डमैन सेच्स, न्यूयार्क तथा डोयश बैंक में कार्य किया । उन्होंने वैश्वीकरण, गरीबी, आर्थिक विकास, पूंजी बाजार आदि पर अनेक पुस्तकें तथा लेख लिखे हैं ।

प्रो.अमिताभ कुंडु ने सागर विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में अपनी स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की । उन्होंने अपनी पी.एच.डी. जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से हासिल की और पेनसिलवेनिया विश्वविद्यालय, संयुक्त राज्य अमेरिका से एक "फुलब्राइट स्कॉलर" के रूप में पोस्ट डॉक्टोरल अनुसंधान किया । इस समय वे क्षेत्रीय विकास अध्ययन केंद्र में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर तथा सामाजिक विज्ञान स्कूल, जवाहरलाल विश्वविद्यालय में डीन हैं । उन्होंने भारत और विदेश में अध्यापन कार्य किया और वे गुजरात विकास अनुसंधान संस्थान के निदेशक रहे । उनकी रूचि के अनुसंधानों में क्षेत्रीय विकास, नगरीकरण, गरीबी और विकास अर्थशास्त्र शामिल है ।

प्रो. बिकास सिन्हा को कलकत्ता विश्वविद्यालय ने सांख्यिकी में स्नातकोत्तर (1967) और पीएचडी (1973) उपाधियां प्रदान कीं । वर्तमान में, वे भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, कोलकाता में सांख्यिकी के वरिष्ठ प्रोफेसर हैं । उन्होंने सं.रा.अ./कनाडा/यूरोप/एशिया में अध्यापन/अनुसंधान सहयोग/परामर्श कार्यों के संबंध में व्यापक यात्राएं कीं । उन्हें सर्वेक्षण रीतिविधान संबंधी कार्यशाला हेतु मिशन के लिए एक संयुक्त राज्य विशेषज्ञ के रूप में चुना गया । वे सांख्यिकीय सिद्धांत और अनुप्रयोग से संबंधित बहुत से अनुसंधान पेपर्स के लेखक तथा सह-लेखक हैं ।

डॉ. पदम सिंह ने दिल्ली विश्वविद्यालय से सांख्यिकी में पीएचडी की । वे सांख्यिकीय प्रतिचयन में विशेषज्ञ हैं । उन्होंने 1979 में योजना आयोग में संयुक्त सलाहकार का कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व भारतीय कृषि सांख्यिकी संस्थान में अध्यापन कार्य किया । वे 1987 से 1998 तक चिकित्सा सांख्यिकी अनुसंधान संस्थान के निदेशक रहे । वे 1998 से 2004 तक भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के अपर महानिदेशक रहे । उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों तथा प्रतियन के क्षेत्र में बहुत से अनुसंधान पेपर्स प्रकाशित किए हैं । वर्तमान में, वे अनुसंधान तथा मूल्यांकन, ईपीओएस स्वास्थ्य(भारत) के भी अध्यक्ष हैं ।

डॉ.प्रणब सेन योजना आयोग में प्रधान सलाहकार और परिप्रेक्ष्य-योजना प्रभाग तथा सांख्यिकी एवं सर्वेक्षण प्रभाग के अध्यक्ष रहे । उन्होंने जॉर्ज वाशिंगटन विश्वविद्यालय से अपनी स्नातकोत्तर तथा जोन्स होपकिन्स विश्वविद्यालय, यू.एस.ए. से पीएचडी की उपाधि हासिल की । डॉ.सेन को सरकारी और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों का व्यापक अनुभव है और उनकी विशेषज्ञता के क्षेत्र में विकास अर्थशास्त्र, लोक वित्त तथा मुक्त अर्थव्यवस्था वृहत्-प्रणाली शामिल है ।

डॉ. रमेश चन्द्र पाण्डा, फरवरी, 2007 तक आयोग के पदेन सचिव रहे । वे 1972 बैच के आईएएस (तमिलनाडु संवर्ग) हैं । डॉ. पाण्डा अर्थशास्त्र में डॉक्टोरेट हैं और उन्हें भारत सरकार एवं तमिलनाडु सरकार में विविध प्रकार का अनुभव प्राप्त है । वे तमिलनाडु में ग्रामीण विकास और कृषि विभागों में सचिव रहे । उन्हें कृषि, पशुपालन, डेयरिंग, रेशम उत्पादन, वानिकी, मत्स्यन और पेय जल आपूर्ति के क्षेत्र में व्यापक अनुभव है । डॉ. पाण्डा ने अगस्त, 2003 से फरवरी, 2007 तक सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में पहले अपर सचिव, फिर विशेष सचिव तथा अंत में सचिव के रूप में कार्य किया ।

III आयोग के विचारार्थ विषय

सरकारी संकल्प में आयोग के कार्यों के रूप में निम्नलिखित सूचीबद्ध हैं :-

(क) कोर सांख्यिकी जो राष्ट्रीय महत्व की है और अर्थव्यवस्था के विकास के लिए अति महत्वपूर्ण है, की पहचान करना;

(ख) विविध तकनीकी मुद्दों पर आयोग की सहायता के लिए व्यावसायिक समितियों या कार्य-समूह का गठन करना;

(ग) सांख्यिकी प्रणाली के संबंध में राष्ट्रीय नीतियां एवं प्राथमिकताएं तैयार करना;

(घ) सांख्यिकी के विभिन्न क्षेत्रों में मानक सांख्यिकीय अवधारणाओं, परिभाषाओं, वर्गीकरणों तथा रीतिविधानों को तैयार करना और कोर सांख्यिकी पर राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों को निर्धारित करना;

(ड.) विविध आंकड़ा सेटों के लिए कैलेण्डर जारी करने सहित कोर सांख्यिकी के संग्रहण, सारणीयन तथा प्रसार के लिए राष्ट्रीय रणनीति तैयार करना;

(च) सांख्यिकीय प्रणाली के लिए सूचना प्रौद्योगिकी तथा संचार आवश्यकताओं सहित सरकारी सांख्यिकी संबंधी मानव संसाधन विकास के लिए राष्ट्रीय रणनीतियां तैयार करना;

(छ) सरकारी सांख्यिकी में लोक विश्वास में सुधार लाने के लिए उपाय करना;

(ज) विद्यमान संस्थागत तंत्र को सुदृढ़ करने सहित सांख्यिकीय कार्यकलापों पर राज्य सरकारों तथा संघ शासित क्षेत्र प्रशासनों के साथ प्रभावकारी समन्वय के लिए उपाय करना;

(झ) केन्द्र सरकार के मंत्रालयों, विभागों और अन्य अभिकरणों के बीच सांख्यिकीय समन्वय करना;

(त्र) सांख्यिकीय उत्पादों की गुणवत्ता एवं सत्यनिष्ठा सुनिश्चित करने के लिए सांख्यिकीय गतिविधियों की सांख्यिकीय लेखा-परीक्षा करना;

(ट) केन्द्र सरकार या किसी राज्य सरकार को जैसा भी मामला हो, मानकों, रणनीतियों को कारगर ढंग से कार्यान्वित करने के लिए उपाय तथा खण्ड(ग) से (ज) तक के अधीन तैयार किए गए अन्य उपायों की सिफारिश करना;

(ठ) राष्ट्रीय सांख्यिकीय आयोग के लिए संविधि सहित सांख्यिकीय मामलों पर विधायी उपायों की आवश्यकता पर सरकार को सलाह देना;

(ड) निर्धारित नीतियों, मानकों तथा रीतिविधानों के मद्देनजर सांख्यिकीय प्रणाली के कार्यकरण की समीक्षा तथा निगरानी करना और कार्य निष्पादन बढ़ाने के लिए उपायों की सिफारिश करना;

आयोग के कार्यों और उत्तरदायित्वों का सिंहावलोकन

रा.सां.आ. की स्थापना डॉ.रंगराजन आयोग की प्रमुख सिफारिशों में से एक को पूरा करना है । रंगराजन आयोग की रिपोर्ट यर्थाथता, समयबद्धता और विश्वसनीयता के संबंध में भारतीय सांख्यिकीय

प्रणाली में त्रुटियों का स्पष्ट उल्लेख करती है । इन त्रुटियों से सरकार, ऐकॅडेमिया(विद्वत्परिषदों), जनता तथा सांख्यिकीय प्रणाली के अंतर्राष्ट्रीय प्रयोक्ताओं की मांगों और प्रत्याशाओं को पूरा करने संबंधी असफलता परिलक्षित होती है, जबकि यह स्पष्ट विदित है कि ये प्रत्याशाएं वर्तमान स्थिति पर निर्भर हैं और भविष्य में ये और बढ़ सकती हैं । **यर्थाथता** का संदर्भ सरकारी नीति, व्यवसाय और सामान्य जनता की मांग को पूरा करने के लिए प्रणाली के विद्यमान उत्पादन की व्यवहार्यता से है । **समयबद्धता** का संदर्भ न केवल सरकारी सांख्यिकी के प्रकाशन में विलंब कम करने से है, बल्कि आकस्मिकता एवं उभरती हुई आवश्कताओं को समय से पूरा करने के लिए प्रणाली को भी उत्तरदायी बनाने से है । तृतीय पहलू अर्थात् **विश्वसनीयता** का संदर्भ स्वीकार्यता, व्यवहार्यता और विश्वस्तता पर जनता के प्रत्यक्ष ज्ञान को शामिल करने से है । रा.सां.आ. से यह आशा है कि वह विकेन्द्रीकृत भारतीय सरकारी सांख्यिकीय प्रणाली के नवीकरण में एक मार्गदर्शी एवं सुधारात्मक भूमिका निभाए । आयोग को आने वाले दिनों में पूर्ववर्ती कार्यों को करने के लिए अपने अल्प और दीर्घ-अवधि कार्यक्रम बनाने हैं ।

नीति निर्माण और रणनीति निर्माण में भूमिका

आयोग से आशा है कि वह राष्ट्रीय सांख्यिकीय प्रणाली के लिए सांख्यिकीय प्राथमिकताएं निर्धारित करे और एक नीतिगत ढांचा तैयार करे । इस नीति में सूचना प्रौद्योगिकी एवं आंकड़ा प्रसार रणनीति को शामिल करते हुए, सांख्यिकी के विकास के लिए राष्ट्रीय रणनीति, सांख्यिकी में मानव संसाधन विकास के लिए रणनीति जैसे क्षेत्र सम्मिलित होंगे । रा.सां.आ. से यह भी आशा है कि वह रणनीतियों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए उपायों की सिफारिश करें । अन्य मुख्य क्षेत्र राष्ट्रीय सांख्यिकीय आयोग के लिए एक संविधिक आधार के उपबंध को शामिल करते हुए सांख्यिकीय मामलों पर विधायी उपायों की आवश्यकता पर सरकार को सलाह देने से संबंधित है ।

सक्रिय उत्तरदायित्वों के क्षेत्र

आयोग को सौंपी गई अति-महत्वपूर्ण जिम्मेदारी कोर सांख्यिकी के क्षेत्र में है । सरकारी सांख्यिकी के वे क्षेत्र जिन्हें अर्थव्यवस्था के कार्यकरण के लिए कोर अथवा अति महत्वपूर्ण माना गया है, कोर सांख्यिकी की श्रेणी में आयेंगे । आयोग से केवल यही अपेक्षित नहीं है कि वह कोर सांख्यिकी की पहचान करे बल्कि सांख्यिकी के विभिन्न क्षेत्रों में मानक सांख्यिकीय अवधारणाओं, परिभाषाओं, वर्गीकरणों और रीतिविधानों का भी विकास करें और कोर सांख्यिकी संबंधी राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों को निर्धारित करें । आयोग से यह भी अपेक्षित है कि वह कोर सांख्यिकी में शामिल किए गए विविध आंकड़ा सेटों के लिए कैलेण्डर जारी करने सहित कोर सांख्यिकी के संग्रहण, सारणीयन और प्रसार के लिए राष्ट्रीय रणनीतियों को निर्धारित करें ।

दो अन्य क्षेत्रों (जहां आयोग उत्तरदायित्व संभालेगा) वे विद्यमान संस्थागत तंत्र के सुदृढ़ीकरण सहित सरकारी सांख्यिकी में लोक विश्वास बढ़ाने तथा सांख्यिकीय कार्यकलापों के बारे में राज्य सरकारों तथा संघ शासित प्रशासनों के साथ प्रभावी समन्वयन हेतु प्रत्यक्षतः उपाय विकसित करना है । सरकारी सांख्यिकी में लोक विश्वास बढ़ाने के लिए समर्थन कार्यकलापों में भी आयोग संलग्न रहेगा ।

पर्यवेक्षणीय कार्य

आयोग को सौंपे गए पर्यवेक्षणीय कार्यों में शामिल हैं- केन्द्र सरकार के मंत्रालयों, विभागों और अन्य अभिकरणों के बीच सांख्यिकीय कार्यकलापों के समन्वयन के लिए तंत्र तैयार करना; सांख्यिकीय उत्पादों की गुणवत्ता एवं सत्यनिष्ठा सुनिश्चित करने के लिए सांख्यिकीय कार्यकलापों की सांख्यिकीय लेखा-परीक्षा करना; निर्धारित की गई नीतियों, मानकों और रीतिविधानों के मद्देनजर सांख्यिकीय प्रणाली कार्यों की संवीक्षा तथा निगरानी करना और कार्य निष्पादन बढ़ाने के लिए उपायों की सिफारिश करना ।

आयोग को प्रदान की गई शक्तियां

आयोग को अपना कार्य प्रभावी तथा दक्षतापूर्ण रूप से करने के लिए आवश्यक स्वायत्तता दी गई है । इससे भारतीय सांख्यिकीय प्रणाली तंत्र के क्षेत्र में एक बड़ा परिवर्तन हुआ है और उसकी प्रमाणिकता तथा निष्पक्षता के बारे में आंकड़ा प्रयोक्ताओं का विश्वास बढ़ाने के लिए सरकारी सांख्यिकीय प्रणाली के साथ सरकार का घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए रास्ता तैयार हुआ है । इस संदर्भ में, इसे विशेष रूप से (i) किसी दस्तावेज जिससे सांख्यिकीय प्रयोजन पूरे होते हों को पेश करवाने,, (ii) सांख्यिकीय अभिकरणों और संस्थाओं से कोर सांख्यिकी के संबंध में सभी ब्यौरे उपलब्ध करवाने, (iii) कोर सांख्यिकी से जुड़े मामलों के संबंध में किसी व्यक्ति को उपस्थित करवाना, (iv) कोर सांख्यिकी से जुड़े मामलों के संबंध में गवाहों और दस्तावेजों की जांच-पड़ताल करने के लिए नोटिस जारी करने, की शक्तियां प्रदान की गयी हैं ।

VI आयोग की बैठकों के विवरण

4.1 आयोग ने जुलाई, 2006 से मार्च, 2007 के दौरान 9 बैठकें आयोजित कीं । इन बैठकों में जिन मुद्दों पर चर्चा हुई तथा जो सिफारिशें की गईं वे संक्षेप में नीचे दी गई हैं ।

बैठक क्रमांक	बैठक की तारीख
1	12 जुलाई, 2006
2	25 जुलाई, 2006
3	23 अगस्त, 2006
4	11 सितंबर, 2006
5	09 नवंबर, 2006
6	29 नवंबर, 2006
7	21 दिसंबर, 2006
8	01 फरवरी, 2007
9	26 मार्च, 2007

4.2 मुख्य निर्णय तथा सिफारिशें

4.2.1 राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन की शासी परिषद की स्थिति : राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन(एनएसएसओ) जिसके कार्यकलापों की देखरेख भारत सरकार द्वारा गठित एक स्वायत्त शासी परिषद द्वारा की जा रही है, आयोग ने अपनी पहली बैठक में उन पर चर्चा की । आयोग ने यह सिफारिश की किः

(क) क्योंकि राष्ट्रीय सांख्यिकीय आयोग अपेक्षित स्वायत्तता सहित एक स्वतंत्र व्यावसायिक निकाय के रूप में अस्तित्व में आया था और उसे सरकार के संकल्प के अनुसार अपेक्षित प्राधिकार था और एनएसएसओ को इसके अंतर्गत लाया गया है, अतः वर्तमान स्वरूप में एनएसएसओ की शासी परिषद की आवश्यकता नहीं होगी । यह निर्णय लिया गया था कि एनएससी एक वैकल्पिक तंत्र के माध्यम से शासी परिषद के कार्यों को पूरा करेगा ।

(ख) एनएसएसओ की शासी परिषद द्वारा पूर्व में किए जा रहे कार्यों को हस्तगत करने हेतु एक संचालन समिति बनाई जाएगी जो आयोग के प्रति उत्तरदायी होगी ।

(ग) विशिष्ट मुद्दों के लिए बनाए गए मौजूदा कार्यदल तथा उपदल तथा शासी परिषद द्वारा एनएसएस दौरे जारी रहेंगे तथा वे उन्हें सौंपे गए कार्यों को पूरा करेंगे । ये संचालन समिति को रिपोर्ट करेंगे । आयोग की उपर्युक्त सिफारिशों को स्वीकार करते हुए, केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने एनएसएसओ की शासी परिषद को भंग करने का निर्णय लिया । आयोग ने अपनी तीसरी बैठक में निर्णय लिया कि एनएसएसओ के लिए एक संचालन समिति का गठन किया जाए ।

4.2.2 राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षणों हेतु एक संचालन समिति का गठन : आयोग ने निम्नानुसार संचालन समिति का गठन करने का निर्णय लिया ।

अध्यक्ष तथा सह-अध्यक्ष

i. प्रो.सुरेश डी.तेंदुलकर, अध्यक्ष, एनएससी, संचालन समिति के अध्यक्ष होंगे ।
ii. प्रो. अमिताभ कुंदु, सदस्य, एनएससी, समिति के सह-अध्यक्ष होंगे ।

(आयोग के अन्य सदस्य, जब कभी आवश्यक हो, संचालन समिति की बैठकों में भाग ले सकते हैं)

गैर-सरकारी सदस्य

iii. डॉ. एस.राधाकृष्ण, निदेशक, आईजीआईडीआर
iv. प्रो.एस.पी.मुखर्जी, सेवानिवृत्त सांख्यिकी-प्रोफेसर, कलकत्ता विश्वविद्यालय ।
v. प्रो. के. सुन्दरम्, दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स ।

vi. डॉ. शुभाशीष गंगोपाध्याय, इंडिया डेवलपमेंट फोरम ।

vii. प्रो. दिपांकर कुंडू, सेवानिवृत्त अर्थशास्त्र-प्रोफेसर, आईएसआई कोलकाता ।

viii. प्रो.टी.जे.राव, सेवानिवृत्त सांख्यिकी-प्रोफेसर, आईएसआई, कोलकाता ।

सरकारी सदस्य

(i) महानिदेशक, एनएसएसओ - संयोजक

(ii) महानिदेशक, सीएसओ

(iii) एनएसएसओ के क्षेत्र संकार्य प्रभाग, समंक विधायन प्रभाग और सर्वेक्षण अभिकल्प तथा अनुसंधान प्रभाग, प्रत्येक के अपर महानिदेशक ।

(iv) सचिव, योजना आयोग द्वारा नामित किए जाने वाले योजना आयोग के एक प्रतिनिधि ।

(v) राज्य सरकारों से दो प्रतिनिधि चक्रानुक्रमानुसार दो वर्ष प्रत्येक की अवधि के लिए ।

संचालन समिति के विचारार्थ विषय

क. निम्नलिखित के संबंध में, राष्ट्रीय सांख्यिकीय आयोग को सिफारिशें करना

(i) राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के लिए सर्वेक्षणों के विषयों, अवधि, तथा शामिल किए जाने वाले विषयों सहित अल्पकालीन और दीर्घकालीन कार्यक्रम ।

(ii) राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षणों के आयोजन में कार्यप्रणालीगत सुधार ।

ख. प्रतिदर्श सर्वेक्षणों के विशिष्ट दौरों के संबंध में प्रतिदर्श अभिकल्प, अवधारणाओं तथा परिभाषाओं, प्रश्नावलियों, सारणीयन योजनाओं आदि को अंतिम रूप देना ।

ग. सर्वेक्षण कार्यप्रणाली, आंकड़ा संग्रहण, संसाधन और प्रचार-प्रसार में सुधार हेतु अध्ययन तैयार करना तथा कोई अन्य मुद्दा जो आयोग द्वारा उसे सौंपा गया हो ।

घ. जारी करने हेतु सर्वेक्षण रिपोर्टों का अनुमोदन करना ।

ड. संचालन समिति किसी विशिष्ट तकनीकी मुद्दे के संबंध में विशेषज्ञ समूह का गठन कर सकती है जिसमें संचालन समिति की कोर सक्षमता से परे विशेषज्ञता की आवश्यकता हो ।

संचालन समिति का कार्यकाल तीन वर्ष होगा ।

4.2.3 राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के इकाई स्तर के आंकड़ों की आपूर्ति

(क) "भारत में मुस्लिम समुदाय की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक स्थिति" संबंधी प्रधानमंत्री की उच्च स्तरीय समिति ने, 61वें दौर के इकाई स्तर के आंकड़ें औपचारिक रूप से जारी किए जाने से पूर्व उन्हें समिति को उपलबध करवाने के अनुरोध पर आयोग ने विचार किया । इस मामले की तात्कालिकता और महत्व पर विचार करते हुए आयोग ने यह सिफारिश की कि एनएसएस के 61वें दौर से इकाई स्तर के आंकड़े उच्च स्तरीय समिति को उन शर्तों पर उपलब्ध करवाए जाएंगे जिनमें आंकड़ों के आदान-प्रदान, आंकड़ों की गोपनीयता तथा उनके अनंतिम स्वरूप से संबंधित क्षेत्र शामिल होंगे ।

(ख) आयोग ने कुछ बैठकों में, उपभोक्ता व्यय तथा रोजगार-बेरोजगारी संबंधी एनएसएस के 61वें दौर के परिणामों की उपलब्धता के बारे में विचार-विमर्श किया । इस बात पर चिंता व्यक्त की गई कि इस सर्वेक्षण के निष्कर्षों में राष्ट्रीय हित को देखते हुए, परिणामों को पहले जारी क्यों नहीं किया जा सका । इस तथ्य को देखते हुए कि आंकड़ों के प्रचार-प्रसार का मार्गदर्शन, वर्ष 1999 में तैयार की गई, राष्ट्रीय आंकड़ा प्रचार-प्रसार नीति द्वारा किया गया था, आयोग का यह विचार था कि राष्ट्रीय सांख्यिकीय आयोग संबंधी प्रस्तावित सांख्यिकी कानून और सांख्यिकीय प्रणाली के अन्य पहलुओं में, आंकड़ा प्रचार-प्रसार पहलू भी शामिल करना चाहिए ।

4.2.4 सांख्यिकी संग्रहण अधिनियम तथा सांख्यिकी संग्रहण विधेयक, 2007

आयोग ने चौथी और पांचवीं बैठक में विधेयक के संबंध में विस्तृत चर्चा की थी । विशेष रूप से सूचना के प्रकटन तथा सांख्यिकी अधिकारियों की शक्ति से संबंधित प्रावधानों के संबंध में । आयोग ने इस बात पर भी गौर किया कि सांख्यिकी संग्रहण विधेयक निर्णायक दौर में है तथा राष्ट्रीय सांख्यिकीय आयोग के संबंध में विधेयक का प्रारूप नए सिरे से तैयार किया जाना है । आयोग ने सिफारिश की कि दोनों विधेयकों में समरूपता होनी चाहिए ताकि आंकड़ा संग्रहण तंत्र तथा सांख्यिकीय प्रणाली को सुदृढ़ किया जा सके । ये दोनों कानून अलग-अलग लाए जाने हैं । आयोग ने यह भी इच्छा व्यक्त की कि अमेरिकी सर्वेक्षणों में प्रतिष्ठानों और परिवारों संबंधी प्रवर्तन-उपबंधों की तुलना, प्रस्तावित विधेयक में आंकड़ा-संग्रहणकारी अभिकरणों के कर्त्तव्यों और उत्तरदायित्वों को ध्यान में रखते हुए दण्ड-प्रावधानों से की जानी चाहिए । आयोग ने सुझावों/चिंताओं के संबंध में सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की टिप्पणियों पर गौर करने के पश्चात्, मंत्रालय का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया तथा सिफारिश की कि सहमत हुए सुझावों को शामिल करने के पश्चात् मंत्रालय संसद में विधेयक को प्रस्तुत करने हेतु आवश्यक कदम उठाए ।

4.2.5 मंत्रालय के सांख्यिकी स्कंध के अंतर्गत विभिन्न कार्यदलों, स्थायी समितियों, कार्यबलों, विशेषज्ञ समितियों की स्थिति

आयोग ने सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सांख्यिकी स्कंध के अंतर्गत विभिन्न तकनीकी समूहों/कार्यबलों और समितियों की स्थिति की समीक्षा की ।

औद्योगिक सांख्यिकी संबंधी स्थायी समिति का गठन : आयोग ने एससीआईएस को पुनर्गठित करने का निर्णय किया जिस के अध्यक्ष प्रो.विश्वनाथ गोल्डर, इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक ग्रोथ होंगे । प्रो.गोल्डर के अतिरिक्त, एससीआईएस में गैर सरकारी विशेषज्ञ सदस्यों के रूप में श्री आर.नागराज और डॉ. एस.एल.शेट्टी होंगे । एससीआईएस के सरकारी सदस्य, पुनर्गठित एससीआइएस में यथावत् बने रहेंगे । डॉ.एस.के.नाथ और डॉ. एन.एस.शास्त्री की अध्यक्षता वाली एससीआईएस की दो उप समितियां, अपनी सिफारिशें एससीआईएस को प्रस्तुत करने तक बनी रहेंगी । इसके अतिरिक्त यह निर्णय लिया गया था कि प्रो.सी.पी.चंद्रशेखर की अध्यक्षता में सेवा-उत्पादन के सूचकांक हेतु तकनीकी सलाहकार समिति, एससीआईएस के नियंत्रण से मुक्त रहते हुए स्वतंत्र रूप से कार्य करेगी ।

राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी संबंधी सलाहकार समिति : आयोग ने अपनी 9वीं बैठक में राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी संबंधी सलाहकार समिति को पुनर्गठित किए जाने का निर्णय लिया । यह प्रस्ताव किया गया कि प्रो. के.सुंदरम इसके अध्यक्ष होंगे तथा इसमें निम्नलिखित गैर-सरकारी सदस्य होंगे ।

i. प्रो.बी.बी.भट्टाचार्य, उप कुलपति, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय
ii. डॉ.एस.एल.शेट्टी, इकोनॉमिक एंड पॉलिटिकल वीकली रिसर्च फाउंडेशन
iii. प्रो.आशिमा गोयल, इंदिरा इंस्टीट्यूट फॉर डेवलपमेंट रिसर्च
iv. प्रो.संघमित्र दास, भारतीय सांख्यिकीय संस्थान
v. श्री आर.पी.कत्याल
vi. श्री प्रताप नारायण
vii. श्री नरेश कुमार

रा.प्र.सर्वे. के 64वें दौर हेतु कार्यसमूह का गठन : रा.प्र.सर्वे.सं. की शासी परिषद ने रा.प्र.सवे. के 64वें दौर के अध्यक्ष के रूप में दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के प्रो.के.सुंदरम के नाम की सिफारिश की थी । तथापि, रा.प्र.सर्वे.सं. की शासी परिषद पूर्णरूपेण कार्यसमूह का गठन नहीं कर सकी । आयोग ने अध्यक्ष के अतिरिक्त कार्यसमूह में निम्नलिखित गैर-सरकारी सदस्यों को शामिल करने की सिफारिश की ।

i. प्रो.टी.सी.ए.अनंत, दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स
ii. प्रो.जे.बी.जी.तिलक, राष्ट्रीय शैक्षिक योजना तथा प्रशासन संस्थान

iii. प्रो.समीर गुहा रॉय, पूर्व-प्रोफेसर, जनसंख्या अध्ययन एकक, आईएसआई, कोलकाता

iv. प्रो.मारी भट्ट, इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पॉपुलेशन स्टडीज, मुंबई (प्रो.मारी भट, जिन्होंने कार्य समूह को बहुमूल्य योगदान दिया, 30 जुलाई, 2007 को दिवंगत हो गए) ।

4.2.6 केन्द्रीय मंत्रालयों तथा राज्यों में सांख्यिकीय सलाहकारों की भूमिका :

संवर्ग समीक्षा के परिणामस्वरूप, आयोग ने मंत्रालयों/विभागों में तैनात वरिष्ठ आईएसएस अधिकारियों को मंत्रालय/विभाग से संबंधित सभी सांख्यिकीय मामलों तथा कार्यों के संबंध में नोडल अधिकारियों के रूप में पदनामित किए जाने के प्रस्ताव पर विचार किया । आयोग ने यह सिफारिश की कि सभी कोर सांख्यिकी के संबंध में ये सांख्यिकीय सलाहकार, भारत के मुख्य सांख्यिकीविद् (सीएसआई) के प्रति उत्तरदायी होंगे । इसके अतिरिक्त संबंधित मंत्रालय/विभाग में सांख्यिकीय सलाहकारों हेतु रिपोर्ट करने की प्रक्रिया उस मंत्रालय/विभाग पर छोड़ी जा सकती है । प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग में अपने कार्य के अलावा(अतिरिक्त) वे स्थूल रूप से निम्नलिखित समन्वय कार्य भी करेंगे:-

(i) सांख्यिकी मामलों पर राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग द्वारा उल्लिखित/जारी किए गए दिशा-निर्देशों के क्रियान्वयन में भारत के मुख्य सांख्यिकीविद् के साथ समन्वय ।

(ii) सांख्यिकी हेतु नोडल मंत्रालय के रूप में सूचना/आंकड़े/सांख्यिकी उपलब्ध करना, जैसाकि सांख्यिकी मंत्रालय को आवश्यक हो ।

(iii) कोर सांख्यिकी के मामलों में भारत के प्रधान सांख्यिकीविद् के प्रति उत्तरदायी होंगे और राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग द्वारा 'कोर सांख्यिकी' के संबंध में जारी किए गए सभी दिशा-निर्देशों का क्रियान्वयन ।

(iv) सर्वेक्षणों अथवा अन्य सैद्धांतिक पद्धतियों के माध्यम से अधिक सूचना/आंकड़ों हेतु मांग के संबंध में भारत के मुख्य साख्यिकीविद् को सूचित करना ।

(v) केन्द्र एवं राज्यों के बीच सूचना के आदान-प्रदान पर परामर्श देना तथा निगरानी रखना तथा दोहरीकरण से बचना ।

(vi) मंत्रालय/विभाग के सांख्यिकीय कार्मिकों से संबंधित मानव संसाधन विकास संबंधी मुद्दों में भारत के मुख्य सांख्यिकीविद् को परामर्श देना ।

"वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड" एवं निदेशक के स्तर पर विभिन्न राज्यों में तैनात भा.सां.से. अधिकारी निम्नलिखित कार्य करेंगे :

- राज्य में "कोर सांख्यिकी" से संबंधित सर्वेक्षणों के आयोजन के संबंध में परामर्श देना एवं निगरानी रखना ।
- सांख्यिकीय मामलों के संबंध में केन्द्र एवं राज्य के बीच सूचना के आदान-प्रदान का समन्वय करना एवं सूचना का प्रवाह ।

- राज्य को एनएससी की सिफारिशों पर अनुवर्ती कार्रवाई सुनिश्चित करना ।
- केन्द्रीय एवं राज्य सांख्यिकीय संगठनों के सम्मेलनों में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई सुनिश्चित करना ।
- अधीनस्थ केन्द्रीय/राज्य सांख्यिकीय अधिकारियों/राज्य में सांख्यिकीय कर्मचारियों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं का मूल्यांकन करना तथा परामर्श देना ।
- कोर सांख्यिकी एवं राज्य सरकारों से प्राप्त अन्य आंकड़ों दोनों के संबंध में सरकारी सांख्यिकी के बारे में गुणवत्ता मानकों के संबंध में भारत के मुख्य सांख्यिकीविद् एवं राज्य के राज्य सांख्यिकीय ब्यूरो(एसएसबी) के बीच समन्वय स्थापित करना ।

आयोग ने सिफारिश की कि सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय उपयुक्त प्रशासनिक उपाय कर सकता है ताकि उपयुक्त प्रशासनिक उपायों के माध्यम से सांख्यिकीय परामर्शदाताओं का समन्वय करने और उनकी नोडल भूमिका को संस्थागत रूप दिया जा सके ।

4.2.7 आयोग के सदस्यों के बीच विषयों का आवंटन :

आयोग ने अपनी चौथी बैठक में निर्णय लिया कि अध्यक्ष एवं सदस्यों के बीच विषयों का आवंटन निम्नानुसार होगा :

अध्यक्ष

राष्ट्रीय लेखा
श्रम बल सर्वेक्षण एवं श्रम सांख्यिकी
जीवन निर्वाह का स्तर एवं गरीबी
राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण
सांख्यिकीय समन्वय : राज्यों के साथ समन्वय, अन्य मंत्रालयों के साथ समन्वय
समस्त अनावंटित विषय

सदस्य (सुरजीत भल्ला)

मूल्य एवं मजूरी सांख्यिकी
सेवा क्षेत्र सांख्यिकी
सांख्यिकीय कानून : सांख्यिकी अधिनियम का संग्रहण, एनएससी सलाहकारी स्कंध हेतु कानून

सदस्य (अमिताभ कुंडु)

औद्योगिक सांख्यिकी
पर्यावरण सांख्यिकी, प्राकृतिक संसाधन लेखांकन शिक्षा
लिंग, विकलांगता आदि सहित अन्य सामाजिक सांख्यिकी
शहरी विकास, आवास, आधारभूत ढांचा आदि

सदस्य (पदम सिंह)

कृषि संबंधी सांख्यि
स्वास्थ्य
जनसांख्यिकी एवं जनसंख्या आदि
जनगणना एवं सर्वेक्षण

सदस्य (बिकास सिन्हा)

मानव संसाधन विकास : प्रशिक्षण एवं सांख्यिकीय जनशक्ति योजना
आंकड़ा प्रसार नीति
सांख्यिकीय संसाधन एवं सुपुर्दगी में सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग
सरकारी सांख्यिकी में अनुसंधान कार्यप्रणाली का विकास एंवं उपयोग

4.2.8 कोर सांख्यिकी की पहचान :

आयोग ने अपनी चौथी बैठक में कोर सांख्यिकी के संबंध में सचिवालय द्वारा तैयार किए गए दस्तावेज पर चर्चा की तथा निर्णय लिया कि कोर सांख्यिकी में मदों की पहचान करने से पहले संबंधित विषयों के प्रभारी सदस्यों तथा बाद में सीओसीएसएसओ की बैठक में विस्तृत परामर्श करेंगे ताकि कोर सांख्यिकी श्रेणी के अंतर्गत आने वाली मदों की पहचान की जा सके ।

4.2.9 प्रधानमंत्री के साथ बैठक के संबंध में अनुवर्ती कार्रवाई - आयोग के कार्य में भा.सां.सं. को सम्मिलित करना :

माननीय प्रधानमंत्री ने आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों के साथ अपनी बैठक के दौरान इच्छा व्यक्त की थी कि भारतीय सांख्यिकीय संस्थान को आयोग के कार्य के साथ घनिष्ठ रूप से संबद्ध होना चाहिए । इस संदर्भ में आयोग ने निदेशक भा.सां.सं. कोलकाता द्वारा भेजे गए उत्तर की प्रशंसा की जिसमें सांख्यिकी तथा अर्थशास्त्र में सरकार को अनुसंधान तथा परामर्शदात्री सहायता संबंधी वचनबद्धता प्रदान करने के लिए अपनी विशेषज्ञता प्रदान करने की पेशकश की गयी थी । इस बात पर विचार करते हुए कि भा.सां.सं. सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित संस्थान है, यह सहमति हुई कि उपयुक्त मुद्दे भा.सां.सं. भेजे जाएं ।

4.2.10 सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सांख्यिकी स्कंध से संबंधित 11वीं पंचवर्षीय योजना हेतु प्रस्ताव :

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सांख्यिकी स्कंध के योजना प्रस्तावों की आयोग ने समीक्षा की । आयोग ने मंत्रालय द्वारा तैयार छः विभिन्न् योजनाओं पर विचार किया । आयोग ने कुछ योजनाओं के युक्तिकरण की सिफारिश की तथा विश्व बैंक द्वारा सहायता प्रदान की गई भारत सांख्यिकीय सुदृढ़ीकरण परियोजना (आईआईएसपी) के चरण-II को राज्य सांख्यिकीय ब्यूरो को सुदृढ़ करने तक सीमित कर दिया ।

4.2.11 चेन्नई में भा.सां.सं. की स्थापना : चेन्नई में भारतीय सांख्यिकीय संस्थान की स्थापना के लिए माननीय प्रधानमंत्री को तमिलनाडु सरकार द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने आयोग के विचार मांगे हैं । आयोग का यह मत था कि आरंभ में भा.सां.सं. के दिल्ली एवं बैंगलोर केंद्रों के माडल पर भा.सां.सं. केंद्र का गठन किया जा सकता है ।

4.2.12 एनएससी के लिए संवैधानिक संरचना : आयोग ने अपनी बैठकों में इस मुद्दे पर चर्चा की । यह सहमति बनी कि इसके लिए व्यापक विमर्श की आवश्यकता है तथा एक मसौदा विधेयक तैयार किया जाए तथा विभिन्न दावा धारकों से टिप्पणियां प्राप्त की जाएं ।

4.2.13 आधारभूत ढांचे पर आधारित आंकड़े : योजना आयोग ने आधारभूत ढांचे पर आधारित आंकड़ों के संकलन की ओर आयोग का ध्यान आकर्षित किया था । आधारभूत ढांचे के आधार पर आंकड़ों संबंधी दस्तावेज को संकलित करने के लिए नोडल अभिकरण के रूप में सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की पहचान की गई थी । यह सिफारिश की गई थी कि डॉ.रंगराजन आयोग द्वारा अनुशंसित मापदंडों को ध्यान में रखते हुए आधारभूत ढांचे पर आधारित आंकड़ों संबंधी प्रस्तावित दस्तावेज की विषय-वस्तु एवं कवरेज की पहचान करने तथा उपलब्ध सांख्यिकी को संकलित करने के लिए के.सां.सं.के नेतृत्व में आधारभूत ढांचा क्षेत्र से संबंधित मंत्रालयों/विभागों के अधिकारियों का एक समूह गठित किया जाए । इसके अलावा इस पर डॉ.सुरजीत भल्ला, सदस्य, एनएससी के मार्गदर्शन में कार्य किया जाएगा ।

4.3 परामर्श/प्रस्तुतीकरण

वर्ष के दौरान आयोग के सदस्यों ने महत्वपूर्ण मंत्रालयों एवं संगठनों से परामर्श किया तथा संगठनों को प्रस्तुतीकरण देने का निमंत्रण दिया । परामर्शों एवं प्रस्तुतीकरण के ब्यौरे नीचे दिए गए हैं :

क्र.सं.	संगठन	विषय	दिनांक
1.	भारत का महारजिस्ट्रार	जनगणना, जनसांख्यिकी	4-10-06
2.	स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी	स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संबंधी आंकड़े	7-11-06
3.	राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन के समंक	राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण	7-10-06

	विधायन प्रभाग के वरिष्ठ अधिकारी	संगठन आंकड़ों के संसाधन से संबंधित मुद्दे	
4.	कृषि मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक	कृषि संबंधी आंकड़े	20-11-06
5.	उद्योग एवं वाणिज्य मंत्रालय तथा श्रम ब्यूरो तथा के.सां.सं. के अधिकारियों के साथ बैठक	मूल्य सूचकांक	20-2-07 एवं 26-3-07
6.	केन्द्रीय मंत्रालयों में तैनात सांख्यिकीय सलाहकारों की बैठक	सांख्यिकीय सलाहकारों की भूमिका एवं कार्य	9-3-07
7.	केन्द्रीय एवं राज्य सांख्यिकीय संगठनों का सम्मेलन (सीओसीएसएसओ)	केन्द्रीय एवं राज्य सांख्यिकीय संगठनों की वार्षिक बैठक	11-2-07 एवं 12-2-07

V वर्ष 2006-07 के लिए बजट

चूंकि आयोग जुलाई, 2006 में अस्तित्व में आया था अतः वर्ष 2006-07 के लिए कोई बजट आवंटित नहीं किया गया था । हालांकि संशोधित अनुमानों में 65.45 लाख रू. के बजटीय प्रावधान की व्यवस्था की गई थी । इसमें से आयोग ने सचिवालय चलाने, अध्यक्ष एवं सदस्यों की घरेलू यात्रा तथा कार्यालय उपकरण खरीदने में 35.81 लाख रू. का व्यय किया है ।

Acronyms used

ACNAS	**Advisory Committee on National Accounts**
CSO	**Central Statistical Office**
CSI	**Chief Statistician of India**
IT	**Information Technology**
ISI	**Indian Statistical institute**
MoS&PI	**Ministry of Statistics and Programme Implementation**
NSSO	**National Sample Survey Office**
NSC	**National Statistical Commission**
NSO	**National Statistical Organisation**
NAS	**National Accounts Statistics**
NAD	**National Accounts Division**
SCIS	**Standing Committee on Industrial Statistics**

INTRODUCTION

The National Statistical Commission came into existence on 12th July 2006 with the Chairman and Members assuming charge. This report, the first annual report of the Commission, is prepared in pursuance of Paragraph 12 of the Government resolution **No. A-11011/1/2005-Ad.I dated 1st June 2005**, which states "the Commission shall prepare, for each financial year, its Annual Report, giving a full account of its activities during the financial year and forward the same to the Central Government".

The Commission since its inception has been holding meetings regularly to deliberate on the issues referred to it and on various issues covered under its mandate. Besides Commission meetings, consultations and in-depth meetings were also held with various Departments and Organisations on issues relating to the national statistical system.

Dr. Ramesh Chandra Panda, Secretary in the Ministry of Statistics and Programme Implementation functioned as the *ex-officio* Member Secretary of the Commission till 20th February 2007 after which Dr Pronab Sen took over as the Chief Statistician of India and Secretary to the Commission.

I. Background and Constitution of the Statistical Commission

1. Constitution of the Statistical Commission

The Government of India had set up a National Statistical Commission under the Chairmanship of Dr C Rangarajan, then Governor of Andhra Pradesh in January 2000 to review the official statistical system of the country. The Commission submitted its recommendations in August 2001 and had *inter alia* recommended the establishment of a statutory National Commission on Statistics to serve as a nodal and empowered body for all core statistical activities of the country and to evolve, monitor and enforce statistical priorities and standards and ensure statistical co-ordination. The Rangarajan Commission had also recommended that the Commission be set up initially through a Government order with a modicum of authority to evolve legislation taking into account the ground realities and the emerging requirements when it starts to function. In line with the above recommendations, the National Statistical Commission (NSC) was set up *vide* Government resolution **No. A-11011/1/2005-Ad.In on 1st June 2005.** Copy of the resolution is at **Annex.-I**.

II. Composition of the Commission

2.1 The Commission consists of a part-time Chairman and four part-time Members. Secretary, Planning Commission is an *ex-officio* member of the Commission and the Chief Statistician of India is the Secretary to the Commission. The National Statistical Commission Secretariat is supported by an officer of the Indian Statistical Service in the Senior Administrative Grade.

The Government order setting up the Commission and the service conditions of the Chairman and Members are given in **Annex.-II**.

2.2 Selection of Chairman and Members of the Commission and the Chief Statistician of India:

The Chairman, Members and Secretary of the National Statistical Commission (Chief Statistician of India) were selected on the basis of the recommendations of a Search Committee that consisted of:

(i) Dr. Montek Singh Ahluwalia, Deputy Chairman, Planning Commission – Chairperson ;

(ii) Dr. Rakesh Mohan, Deputy Governor, Reserve Bank of India – Member ;

(iii) Dr. Shankar Kumar Pal, Director, Indian Statistical Institute, Kolkata – Member ; and

(iv) Dr. K.L. Krishna, Former Professor, Delhi School of Economics, New Delhi – Member.

The Search Committee finalised its recommendations and accordingly the Government of India appointed the following persons as Chairman and Members vide order No.R-16025/3/2005-NSC dated 3rd July 2006 **Annex.-III.**

(i) Prof. Suresh D Tendulkar, **Chairman**
(ii) Dr. Surjit S. Bhalla, **Member**
(iii) Dr. Amitabh Kundu, **Member**
(iv) Dr. Padam Singh, **Member**
(v) Prof. Bikas Sinha, **Member**

